प्रेषक,

आयुक्त,
आगरा मण्डल,
आगरा

सेवा,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद्
शिक्षा केन्द्र–2, समुदाय केन्द्र
प्रीति विहार, नई दिल्ली

पत्रॉक/एस0टी0/एन0ओ0सी0/ — /2010–2011 दिनॉक 03-02-2011

विषय:– गायत्री पब्लिक स्कूल, नं0 152 मौज मौहम्मदपुर, शास्त्रीपुरम्, आगरा को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र दिया जाना।

महोदय,

उपरोक्त विषयक राजाज्ञा संख्या: 2762/15–13–91–4(46)/91 दिनॉक 30 नवम्बर, 1991 एवं राजाज्ञा संख्या: 1916(1)/15–7–09–1(299)/2007 दिनॉक 14 जुलाई, 2009 के अनुपालन में गायत्री पब्लिक स्कूल, बजीरपुरा रोड, आगरा को नवीन विद्यालय भवन मौज मौहम्मदपुर, शास्त्रीपुरम्, आगरा में स्थानान्तरित किये जाने के लिये सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र दिये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन आपत्ति नहीं है:–

1– विद्यालय की पंजीकृत सोसाइटी का समय–समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।

2– विद्यालय की प्रबन्ध समिति में सम्बन्धित जिले का जिला विद्यालय निरीक्षक सदस्य होगा।

3– विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/जन जाति के मेधावी बच्चों के लिये सुरक्षित रहेगें और उनसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद्/बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिये निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

4– संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मॉंग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्धता सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्ड्री एजूकेशन नई दिल्ली/काउंसिल फॉर दि इण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट एग्जामिनेशन, नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उन परीक्षा परिषदों से सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेंगे।

5– संस्था के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

6– कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेंगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवानिवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

7– राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे संस्था उनका पालन करेगी।

8– विद्यालय का रिकॉर्ड निर्धारित प्रपत्र पत्रिकाओं में रखा जायेगा।

9 विद्यालय में अग्निशमन यंत्र स्थापित कर अग्निशमन अधिकारी का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत

Principal
Gayatri Public School
Shastripuram, AGRA

GAYATRI PUBLIC SCHOOL * SHASTRIPURAM AGRA-282007 INDIA

Manager
Gayatri Public School
Mohammadpur, Shastripuram
AGRA

10– नेशनल बिल्डिंग कोड में प्राविधानित सुरक्षा मानकों का प्रमाण–पत्र सम्बन्धित अभियंता से प्राप्त कर लिया जाय।

11– उक्त शर्तों में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्द्धन नहीं किया जायेगा।

12– इस अनापत्ति प्रमाण–पत्र के निर्गमन के पश्चात् सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली द्वारा नवीन भवन में विद्यालय की सम्बद्धता प्रदान किये जाने पर विद्यालय के पुराने भवन में विद्यालय संचालित नहीं किया जायेगा।

उक्त प्रतिबन्धों का पालन करना संस्था के लिये अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबन्धों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी भी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जाती है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र वापिस ले लिया जायेगा।

भवदीय,

(सुधीर एम0 बोबड़े)
आयुक्त,
आगरा मण्डल, आगरा

पृ0सं0/एस0टी0/एन0ओ0सी0/ 123-29 /2010–2011 तद्दिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– सचिव (मा0शि0) उत्तर प्रदेश शासन, शिक्षा (7) अनुभाग, लखनऊ।
2– शिक्षा निदेशक (मा0) उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3– जिलाधिकारी, आगरा।
4– जिला विद्यालय निरीक्षक, आगरा।
5– निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6– प्रबन्धक, गायत्री पब्लिक स्कूल,——, आगरा।
7– गार्ड फाइल।

(सुधीर एम0 बोबड़े)
आयुक्त,
आगरा मण्डल, आगरा

Principal
Gayatri Public School
Shastripuram, AGRA

Manager
Gayatri Public School
Mohammadpur, Shastripuram
AGRA